मूल्य 1 रु.
वर्षः 14 - अंक : 72, मुंबई, बुधवार, 8 मई, 2024 ■ RNI.NO. MAHHIN/2010/34146 ■ संपादकः दिलशाद एस. खान

दैनिक

# मुंबई हलचल

भारत सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त ®

अब हर सच होगा उजागर







## मुंबई हलचल के संपादक दिलशाद एस खान और फ्लोरियन फाउंडेशन की अर्चना जैन द्वारा

# बॉम्बे टाइम्स फैशन वीक 2024

## का शानदार आयोजन किया गया

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** मुंबई के ग्रांड हयात होटल में बॉम्बे टाइम्स फैशन वीक के एक अभूतपूर्व कार्यक्रम में, फ्लोरियन फाउंडेशन की अर्चना जैन, मुंबई हलचल के संपादक दिलशाद एस खान द्वारा 3 मई, 2024 को दोपहर 12 बजे एक शानदार उद्घाटन शो के साथ सभी बाधाओं और रूढ़ियों को तोड़ दिया। 'वॉक विद पावर, पैशन और फैशन' थीम के साथ शो का उद्देश्य फैशन मानदंडों को फिर से परिभाषित करना और इसकी सभी विविधता में मानवता का जश्न मनाना है। जैसे ही पर्दा उठा, दर्शकों को शैली, लालित्य और सशक्तीकरण का असाधारण मनोरंजन देखने को मिला।

(समाचार पृष्ठ 3 पर)
(चित्रमय छलकियां पृष्ठ 4-5, 7, 8 पर)

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

## हमारी बात

### जांच तो होनी चाहिए!

**क्या पैसे के वास्तव में लेन-देन का कोई प्रथम दृष्टया साक्ष्य उप-राज्यपाल को सौंपा गया है? अगर केजरीवाल पर आतंकवादी गुट से पैसा लेने के प्रथम दृष्टया सबूत हों, तो बेशक गहन जांच होनी चाहिए। मगर उप-राज्यपाल के निर्णय का समय महत्त्वपूर्ण है।**

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के खिलाफ किसी खालिस्तानी आतंकवादी गुट से पैसा लेने का ठोस आरोप है, तो बेशक उसकी जांच होनी चाहिए। मगर प्रश्न यही है कि क्या आरोप ठोस है? इसलिए जरूरी है कि दिल्ली के उप-राज्यपाल ने उनके खिलाफ जिस इल्जाम पर एनआईए (राष्ट्रीय जांच एजेंसी) जांच की सिफारिश की है, उस पर ध्यान दिया जाए। इस इल्जाम का आधार अमेरिका स्थित कथित सिख फॉर जस्टिस गुट का एक वीडियो है। इस गुट का नेता गुरपतवंत सिंह पन्नू है, जिसे भारत सरकार ने वांछित आतंकवादी घोषित कर रखा है। वही पन्नू जिसकी कथित हत्या की कोशिश में शामिल होने का आरोप भारत सरकार पर अमेरिका ने लगाया है। इस वीडियो को आधार बना कर वर्ल्ड हिंदू फेडरेशन इंडिया (डब्लूएचएफआई) नामक संगठन के कार्यकर्ता आशू मोंगिया ने उप-राज्यपाल के पास जांच कराने की अर्जी दी। उप-राज्यपाल ने सीधे इसे एनआईए जांच के योग्य माना और अपनी सिफारिश केंद्रीय गृह मंत्रालय को भेज दी है। डब्लूएचएफआई सत्ताधारी भारतीय जनता पार्टी के इको-सिस्टम से संबंधित संगठन है। इसलिए उसकी अर्जी को फेस वैल्यू पर लेना कितना उचित है, यह सवाल उठना लाजिमी है। प्रश्न है कि क्या पैसे के वास्तव में लेन-देन का कोई प्रथम दृष्टया साक्ष्य उप-राज्यपाल को सौंपा गया है? अगर केजरीवाल या उनकी पार्टी पर विदेशी स्रोत से- उस पर भी आतंकवादी गुट से पैसा लेने के प्रथम दृष्टया सबूत हों, तो उनका कोई बचाव नहीं हो सकता। बेशक उनके खिलाफ गहन जांच होनी चाहिए। मगर उप-राज्यपाल के निर्णय का समय महत्त्वपूर्ण है। जब आम चुनाव की बिसातें बिछी हुई हैं, तब मुख्यमंत्री जैसे पद पर आसीन एक राष्ट्रीय राजनीतिक दल के नेता पर आतंकवाद से संबंधित होने की जांच शुरू कराना इस निर्णय को संदिग्ध बनाता है। क्या उप-राज्यपाल एक महीना और- यानी चुनाव खत्म होने तक- ठहर नहीं सकते थे? दरअसल, हालिया वर्षों में विपक्षी नेताओं के खिलाफ केंद्र सरकार और सरकारी एजेंसियों का रिकॉर्ड ऐसा है कि ऐसी हर कार्रवाई एक नकारात्मक धारणा उत्पन्न करती है। इन हालात में यह और भी जरूरी है कि ऊंचे पदों पर बैठे लोग इस तरह के निर्णय अधिक सावधानी से लें।

# अवार्ड कार्यक्रम का आयोजन

# योग गुरु राधेश्याम जयसवार हुए शामिल

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** 5 मई को राजर्षी शाहू स्मारक भवन ऑडिटोरियम में कार्यक्रम का उद्घाटन हुआ। कार्यक्रम के प्रमुख उपस्थित . ऐ/सी भारत सरकार के ऑल इंडिया ऑफिसर माननीय श्री अशोक येड़ेकर श्री हरीश भाई पटेल जो .ऐ सी भारत सरकार चीफ ऑफिसर है , ऐ/सी भारत सरकार जुझारू ऑफिसर डॉक्टर मेडी तमगांवकर जी ने राष्ट्रीय पुरस्कार का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में 200 से भी ज्यादा लोगों ने भाग लिया कार्यक्रम शुरू से अंत तक लोग अपनी कुर्सी से उठे तक नहीं इतना मनोरंजन कार्य गार्गीज डि आय फाउंडेशन द्वारा इस पूरे कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में. डि आय डी .फाउंडेशन के बच्चों ने नृत्य का एक मनोरंजन किया आपने अपनी कलाओं का पेश किया इसी में से ऐसा हैंडिकैप्ड कलाकार जिसने सुनो गौर से दुनिया वाले यह गाने पर उन्होंने ऐसा नृत्य करके दिखाया ऑडिटोरियम में जितने लोग बैठे थे सबके रोंगटे खड़े हो गए, एक ऐ/सी व्यक्ति जो चल नहीं पता है उसने ऐसा नृत्य किया जो सभी लोग खड़े होकर उसको प्रोत्साहन दिया तालियां बजाते हैं और एक ऐसी कलाकार जो बहुत ही कम उम्र में बड़े-बड़े कार्य किए ऐ/सी हमारी छोटी सी बेटी जिन्होंने बड़े-बड़े माउंट एवरेस्ट पर जाकर आया है कार्यक्रम के सूत्र संचालन माननीय श्री मेडी तमगांवकर जी यह भारत सरकार के ऐ/सी ऑफिसर है जिन्होंने अपना पद की गरिमा ना देखते हुए ऑडियंस में जितने बैठे थे हर एक एक को जोड़ने का काम किया और मुंबई से पूरे महाराष्ट्र से बुलाने का जो काम किया वह एक जुझारू ऑफिसर ही कर सकता है, योग गुरु राधेश्याम जी ने बताया ऐसा ऐसी भारत के ऑफिसर कहीं देखने नहीं मिलेंगे जिन्होंने महाराष्ट्र मजदूर कामगार दिवस के उपलक्ष में राष्ट्रीय पुरस्कार का नियोजन करके दिखाया इस कार्यक्रम में ए/ सी भारत सरकार के तरफ से एक नया चीज नहीं बोल सकता वह पुराना चीज है जो 1 का नोट आज भी यह ऐसी भारत सरकार की करेंसी है जिसके ऑफिसर उन्होंने यह कार्यक्रम किए ऐ/सी . भारत सरकार के अशोक येडेकर सर है जो एसटी. एससी . और मूल निवासी के अधिकारों का समावेश कार्यक्रम में किया मुंबई हलचल और कड़क न्यूज के जरिए अशोक सर ने बताया कि आज भी आदिवासी और एसटी एससी माइनॉरिटी मूलनिवासी उनके हक अधिकार नहीं मिलते हैं गवर्नमेंट के तरफ से उनका पूरा फ्री दिया गया है और एक नया अविष्कार कहूंगा जिनका कोई नहीं करता ऐसे ऑफिसर ने किया अपने भारत का लंदन में रखा कोहिनूर का हीरा जिसका पूरा आदिवासी और मूल निवासी का जो पैसा आता है जो मूल निवासियों का अधिकार है गवर्नमेंट उनको खा जाती है मूल निवासी को मिलता नहीं है उनके हक अधिकार को बताया नहीं जाता है , जो योग गुरु राधेश्याम जी ने अपने इंटरव्यू में से पूछा कि इसका सच कैसे मान लिया जाए अशोक ऑफिसर जी ने कहा सीएससी मूल निवासियों का जो अधिकार है तब तक आप लेटर बना कर नहीं दोगे जब तक सरकार के पास जाओगे नहीं तब तक उनको नहीं दिया जाता और अगर मूल निवासी अपना अधिकार चाहते हैं वह मेरे पास आए उनके सारे प्रश्नों का उत्तर उनके मूल अधिकारों का पूरा समावेश मेरे पास है ऐसे भारत सरकार के ऑफीसर अशोक जी ने कहा। इनका अधिकार इनको नहीं मालूम है ऐसे में हमारे भारत सरकार में जितने भी मूल निवासी हैं आदिवासी हैं इनका जो हक है उनको मांगना चाहिए और अपने हक अधिकारों के लिए लड़ाई लड़ना चाहिए ऐसे में योग गुरु राधेश्याम जी ने कहा कि अपने अधिकारों को सही मायने में कैसे पाया जाए अशोक येडेकर जी ने कहा उनके हक और अधिकार जिनको चाहिए उनको मेरे पास आना होगा। कार्यक्रम बहुत ही शुरू से अंत तक अच्छा चलता रहा मुंबई हलचल और कड़क न्यूज के को संपादक श्री योग गुरु राधेश्याम जयसवार जी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए दूर-से आए हुए सभी महान भाव का स्वागत समारंभ किया गया।



## परिषद के ग्यारह सदस्यों में से केवल एक खालिद अनवर ने उर्दू में शपथ ली अन्य उर्दू लोगों ने उर्दू आबादी को निराश किया

**पटना।** 7 मई बिहार विधान परिषद के नवनिर्वाचित सदस्यों ने आज शपथ ली विधान परिषद के सभापति देवेश चंद्र ठाकुर ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और डॉ खालिद अनवर समेत 11 नवनिर्वाचित सदस्यों को शपथ दिलाई शपथ लेने वाले कुल ग्यारह परिषद सदस्यों में से केवल एक डॉ. खालिद अनवर साहब ने उर्दू में शपथ ली। मैं मुहम्मद खालिद अनवर जो बिहार विधान परिषद के सदस्य के रूप में निर्वाचित हुए हैं मैं पुष्टि करता हूं कि मैं कानून द्वारा निर्धारित भारत के संविधान को नियंत्रित करूंगा मैं भारत की संप्रभुता और अखंडता को बनाए रखूंगा और जो कर्तव्य मैं निभाने जा रहा हूं उसे ईमानदारी से निभाऊंगा शपथ लेने वालों में राजद से पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी, वरिष्ठ नेता अब्दुल बारी सिद्दीकी, प्रख्यात उर्दू पत्रकार सैयद फैसल अली, भाजपा से अनामिका सिंह, मंगल पांडे, लाल मोहन गुप्ता, भारतीय अवाम मोर्चा (एचएम) से उर्मिला ठाकुर शामिल हैं इनमें सीपीआई (एमएल) के संतोष कुमार सुमन और शशि यादव शामिल हैं उम्मीद थी कि अन्य लोग भी राज्य की दूसरी आधिकारिक भाषा में शपथ लेंगे कम से कम उर्दू वाले तो इसका ख्याल रखेंगे लेकिन गैर उर्दू लोगों की तरह उर्दू वालों ने भी इस भाषा को तवज्जो नहीं दी जिससे उर्दू आवाम में निराशा पाई जा रही है। मालूम हो कि डॉ खालिद अनवर का यह दूसरा शपथ ग्रहण है पिछले साल 2018 में वह पहली बार एमएलसी बने थे उस वक्त उन्होंने उर्दू में भी शपथ ली थी उनका कहना है कि जब कानून इसकी इजाजत देता है और जब बिहार की दूसरी राजभाषा उर्दू है तो फिर झिझक क्यों।



## मधुबनी शहर और ग्रामीण संसदीय क्षेत्र में ऑल इंडिया मजलिस इत्तेहाद मुस्लिमीन के कार्यकर्ताओं ने पूरी निष्ठा के साथ चुनाव प्रचार में अपनी ताकत झोंक दी : राशिद खलील भौआरवी



**मधुबनी।** मधुबनी से ऑल इंडिया मजलिस इत्तेहाद मुस्लिमीन ने लोकसभा के लिए योग्य एवं ईमानदार उम्मीदवार श्री वकार सिद्दीकी साहब के साथ बिस्फी क्षेत्र में जन संपर्क अभियान में शामिल होकर मधुबनी परिवर्तन अभियान को मजबूत किया और कहा कि हमारी लड़ाई संविधान और लोकतंत्र को बचाने के लिए है गरीबों और पीड़ितों के लिए अल्पसंख्यकों बेरोजगारी और युवाओं सहित सभी वर्गों को समान अवसर प्रदान करना आवश्यक है। आप भी अपना बहुमूल्य समय वोट करके और मिलजुल कर अपने लोगों को दें और उन लोगों को दें जो आपकी समस्याओं और समस्याओं का समाधान कर सकें आपकी आवाज बन सकें और आपके साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े हो सकें जन सम्पर्क अभियान में नदीम अशरफ साहब, राशिद खलील साहब, और बड़ी संख्या में ऑल इंडिया मजलिस इत्तेहाद मुस्लिमीन के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

मालिक,मुद्रक,प्रकाशक-**दिलशाद एस खान** द्वारा एस आर प्रिंटिंग प्रेस,मोहन अर्जुन कंपाउंड, वैशाली नगर दहिसर (पूर्व),मुंबई-68 से मुद्रित व मुंबई हलचल,साईं मंगल को ऑ हॉ सो बी-2-301,इस्माइल बाग नियर मालाड शॉपिंग सेंटर, एस वी रोड,मालाड (प ) मुंबई से प्रकाशित RNI NO MAHHIN/2010/34146, फोन:**9619102478 /9821238815**
email: mumbaihalchal@gmail com संपादक: **दिलशाद एस खान,** समाचार पत्र में छपे किसी भी समाचार से संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। किसी भी विवाद का निपटारा न्याय क्षेत्र मुंबई होगा।

# फर्जी नोट चलाने वाला गिरफ्तार

## 13 हजार रुपये के नकली नोट बरामद

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** मुंबई पुलिस ने एक फर्जी नोट चलाने वाले शख्स को गिरफ्तार किया है जिसके बाद से उन्हें करीब 13 हजार रुपये के नकली नोट मिले हैं। पुलिस ने शख्स से जब पूछताछ की तो उसने नकली नोट से जुड़े गोरखधंधे के बारे में बड़े खुलासे किए हैं। फिलहाल पुलिस ने आरोपी से पूछताछ में जुटी हुई है। पुलिस ने इस शख्स को एक केले की रेहड़ी लगाने वाले की शिकायत के बाद पकड़ा है। जानकारी के मुताबिक यह पूरा मामला मुंबई के कल्याण का है। जहां पर महात्मा फुले पुलिस को एक केले की रेहड़ी लगाने वाले ने कहा कि उसे एक शख्स 500 रुपये का एक नकली



नोट देकर गया है। पुलिस से की शिकायत में उसने बताया कि शख्स ने 40 रुपये के केले लिये और उसे 500 रुपये देकर खुल्ले पैसे लेकर चला गया। शख्स ने यह भी बताया कि उसने शक होने पर नोट को चेक किया और उस शख्स को भी ढूंढने की कोशिश की लेकिन तबतक वह गायब हो गया था। केले की रेहड़ी लगाने वाले शख्स की शिकायत पर पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए नकली नोट चलाने वाले शख्स की तलाश शुरू की। पुलिस ने जल्द ही आरोपी को ढूंढ लिया। पुलिस के मुताबिक शक्स रेपिडो बाइक चलाता है और वह नकली नोट चलाने का काम भी कर रहा था। पुलिस ने आरोपी से सख्ती से पूछताछ की तो उसने नकली नोट के काले धंधे के बारे में पूरी जानकारी दी है। पुलिस ने बताया कि आरोपी के पास से 13 हजार रुपये के फर्जी नोट बरामद किए गए हैं। 13 हजार रुपये में 100, 200 और 500 रुपये के नकली नोट शामिल थे। शख्स ने पुलिस की पूछताछ में बताया कि उसे दिल्ली में एक आरोपी 10 हजार रुपये के बदले में 25 हजार रुपये के नकली नोट देता है। पुलिस ने फिलहाल आरोपी के बयान के आधार पर एनआईए को शिकायत दी है और मास्टरमाइंड की तलाश शुरू कर दी है।

# केश किंग एंटी-हेयरफॉल शैम्पू के साथ नए ब्रांड संचार की प्रस्तुति

**मुंबई हलचल/ संवाददाता**

**मुंबई।** केश किंग एंटी-हेयरफॉल शैम्पू अपने नए विज्ञापन में सिनेमा के उभरते सितारे पलक तिवारी की युवा ऊर्जा और शिल्पा शेट्टी की स्थायी सुंदरता को एक साथ लाता है। शिल्पा शेट्टी साल 2019 से हमारी ब्रांड एंबेसडर हैं और केश किंग आयुर्वेद ऑयल, भारत की नंबर एक कंपनी हैं। 1 बाल झड़ने के विशेषज्ञ का समर्थन। राजू हिरानी फिल्म्स द्वारा निर्मित, इस नए केश किंग एंटी-हेयरफॉल शैम्पू विज्ञापन में दोनों अभिनेत्रियों को एक बहुत ही दिलचस्प बातचीत करते हुए देखा जाएगा और 'उड़े जब जब जुल्फे तेरी' जैसा पुराने समय का गाना इसे और भी खास बनाता है। यह विज्ञापन मई माह से प्रसारित किया जाएगा। नए विज्ञापन के बारे में बोलते हुए, इमामी लिमिटेड की सुश्री प्रीति सुरेका ने कहा, 'केश किंग आयुर्वेद पर आधारित एक बाल और खोपड़ी देखभाल ब्रांड है। यह ब्रांड कई सालों से अपने ग्राहकों की जरूरतों को पूरा कर रहा है। शिल्पा शेट्टी इसकी ब्रांड एंबेसडर हैं। शिल्पा ने हमेशा योग के माध्यम से एक स्वस्थ जीवन शैली अपनाने की वकालत की है और इसलिए वह प्राकृतिक उपचार के लिए ब्रांड




की प्रतिबद्धता के लिए बिल्कुल उपयुक्त हैं। हमने दैनिक बाल झड़ने की समस्या से जूझ रही आज की पीढ़ी को बाजार के उत्पादों की तुलना में बेहतर बाल समाधान देने के लिए बहुत प्रतिभाशाली पलक तिवारी को भी शामिल किया है।

एक उभरते हुए बॉलीवुड कलाकार के रूप में, पलक तिवारी और शिल्पा की सदाबहार सुंदरता जनता के बीच एक नया उत्साह पैदा करेगी और ब्रांड जागरूकता को एक नए तरीके से प्रसारित करेगी। केश किंग ब्रांड के साथ अपनी यात्रा शुरू करने वाली नवीनतम सदस्य पलक तिवारी ने कहा, भारत की महान आयुर्वेदिक परंपरा स्वस्थ जीवन के लिए सही उपचार प्रदान करती है। आज की व्यस्त और तेज रफ्तार जिंदगी में बालों के झड़ने की दैनिक चुनौती से लड़ने के लिए हमें एक प्राकृतिक समाधान की आवश्यकता है। मुझे अपने लंबे बाल बहुत पसंद हैं, जिनकी नियमित देखभाल और ध्यान देने की जरूरत है। अपने बालों को मजबूत और स्वस्थ रखने के लिए मैं केवल केश किंग जैसे वास्तविक और विश्वसनीय उपचार पर भरोसा करती हूं। मुझे केश किंग एंटी-हेयरफॉल शैम्पू के साथ जुड़कर खुशी हो रही है और प्रतिभाशाली और प्रसिद्ध शिल्पा शेट्टी के साथ एक ही स्क्रीन पर काम करने पर गर्व है। इस अनुभव के बारे में बात करते हुए शिल्पा शेट्टी ने कहा, "केश किंग के साथ मेरे सफर को 5 साल पूरे हो गए हैं। मुझे इस शुद्ध आयुर्वेदिक उत्पाद का हिस्सा होने पर गर्व है। अपनी गुणवत्ता, लाभ और प्रभावशीलता के कारण इसने लाखों लोगों का विश्वास जीता है। मुझे खुशी है कि अब पलक भी केश किंग/इमामी परिवार का हिस्सा बन रही है और हम मिलकर युवा पीढ़ी को आयुर्वेद के अनमोल लाभों से परिचित कराएंगे।" ब्रांड टेलीविजन, प्रिंट और पॉइंट-ऑफ-सेल संचार जैसे पारंपरिक मीडिया के माध्यम से इन दो हस्तियों की लोकप्रियता से लोगों का दिल जीतना चाहता है। और शिल्पा और पलक की मौजूदगी से हम हर आयु वर्ग के लोगों से सीधे जुड़कर डिजिटल स्पेस में विभिन्न प्रतियोगिताओं और चुनौतियों के माध्यम से अपना विश्वास मजबूत करना चाहते हैं। 21 हर्बल गुणों से भरपूर, केश किंग एंटी-हेयरफॉल शैम्पू चिकित्सकीय दृष्टि से सिद्ध है कि यह बालों का झड़ना 98% तक कम करता है। यह स्कैल्प को पोषण भी देता है और बालों को रेशमी, चमकदार और मुलायम बनाता है। केश किंग एंटी-हेयरफॉल शैम्पू 5.5 मिलीलीटर पाउच, 80 मिलीलीटर, 200 मिलीलीटर, 340 मिलीलीटर, 600 मिलीलीटर और 1 लीटर पैक में उपलब्ध है और इसकी कीमत रु। 2, रु. 65, रु. 150, रु. 300, रु. 620 और रु. 849 है।

(पृष्ठ 1 का समाचार)

Bombay Times
FASHION WEEK
AN INITIATIVE BY THE TIMES GROUP

## मुंबई हलचल के संपादक दिलशाद एस खान और फ्लोरियन फाउंडेशन की अर्चना जैन द्वारा बॉम्बे टाइम्स फैशन वीक 2024 का शानदार आयोजन किया गया

डिजाइनर विशाल कपूर वीके के सहयोग से प्रस्तुत इस शो में 'जलसा' नाम से एक जीवंत और नाटकीय संग्रह प्रदर्शित किया गया। कपूर के डिजाइन लालित्य, अनुग्रह और सरासर ग्लैमर का प्रतीक थे, जिसमें फ्रेंच शीयर, फॉक्स फर और बनारसी रेशम पर जटिल अलंकरण और विशाल सिल्हूट शामिल थे। कपड़े. रेड-कार्पेट वियर से लेकर सिग्नेचर लाइन्स तक, प्रत्येक डिजाइन में शक्ति, जुनून और फैशन का संचार होता है। इस आयोजन को वास्तव में असाधारण बनाने वाली बात इसका मानवता पर केंद्रित होना था। जैसा कि संस्थापक अर्चना जैन और संपादक दिलशाद खान ने जोर दिया, यह पुरुषवाद या नारीवाद के बारे में नहीं है; यह मानवतावाद के बारे में है। इस शो ने वास्तविक लोगों की विविधता और उपलब्धियों का जश्न मनाते हुए उम्र, वजन, ऊंचाई, त्वचा का रंग और भाषा की रूढ़िवादिता को तोड़ दिया। रैम्प पर मॉडलों की शानदार कतार मौजूद थी, या जैसा कि उन्हें उचित ही कहा जाता था, 'वास्तविक उपलब्धि हासिल करने वाले।' अंजू गुप्ता, मनीषा पपानी नाइकनवरे, जसविंदर संधू, प्रिया तिवारी, अंजुलिका भागचंदानी, सिया परब, परीशा लोदाया, शबीना शेख, दक्ष सेठी, वैशाली पाटिल, कोमल मल्होत्रा, जरना सांघवी, एंथोनी, मधु लाखोटी, सिमरन आहूजा, मंजू लोढ़ा, ओजस रजनी (सेलिब्रिटी मेकअप आर्टिस्ट एन हेयरस्टाइलिस्ट), प्रवीण सागर, अंजलिका सोमानी मारू, पुनीत आर्य, अनीता शर्मा, प्रदीप नारवेलकर, स्वाति लंके, अर्घ्य चटर्जी, दिलीप परयानी, अभिजीत म्हात्रे, शाहबाज खान, सुहैल खंडवानी, स्वेता सोलंकी, एकता जैन, डॉ. योगिता छावछरिया, अनुजा जावेरी, अंजलि झावेरी संघवी से लेकर उर्वशी सोलंकी तक, प्रत्येक मॉडल ने जीत और दृढ़ता की एक अनूठी कहानी का प्रतिनिधित्व किया। इस शो में जैकी श्रॉफ, हॉलीवुड गायिका रोजमेरी फर्नांडिस और शोस्टॉपर राहुल देव, मुग्धा वीरा गोडसे, सुधांशु पांडे, चार्मी झावेरी और शाहबाज खान जैसी हस्तियां भी शामिल थीं। कार्यक्रम के मुख्य आकर्षणों में से एक सेलिब्रिटी मेकअप आर्टिस्ट और हेयर स्टाइलिस्ट ओजस रजनी की उपस्थिति थी, जिनकी विशेषज्ञता ने शो के ग्लैमर को बढ़ा दिया। लेकिन चकाचौंध और ग्लैमर से परे, बॉम्बे टाइम्स फैशन वीक के उद्घाटन शो का एक गहरा उद्देश्य था - मानवता के हित का समर्थन करना। अपने फैशन स्टेटमेंट के माध्यम से, आयोजकों और प्रतिभागियों का लक्ष्य समावेशिता, स्वीकृति और करुणा के महत्व पर प्रकाश डालना था। जैसे ही शो समाप्त हुआ, इसने दर्शकों पर एक अमिट छाप छोड़ी, जिससे उन्हें सुंदरता और फैशन के बारे में अपनी धारणाओं पर पुनर्विचार करने की चुनौती मिली। फ्लोरियन फाउंडेशन और मुंबई हलचल ने वास्तव में ऊंचे मानक स्थापित किए हैं, बाधाओं को तोड़ा है और मानवता पर प्रकाश डाला है। इसलिए, जैसा कि हम बॉम्बे टाइम्स फैशन वीक के बाकी दिनों के लिए अपनी सीट बेल्ट बांधते हैं, आइए मानवता की विविधता और भावना का जश्न मनाते हुए शक्ति, जुनून और फैशन के साथ चलना याद रखें। हमारे ज्वैलरी पार्टनर एलए ज्वेल्स को न भूलें, मंच पर ज्वैलरी शानदार थी, उन्होंने लज्जा मेहता और करण मेहता द्वारा गहनों पर अपनी चमक से प्रत्येक मॉडल को चमकदार बना दिया।

Bombay Times FASHION WEEK
AN INITIATIVE BY THE TIMES GROUP

# समाचार

मुंबई, बुधवार, 8 मई, 2024

Bombay Times FASHION WEEK
AN INITIATIVE BY THE TIMES GROUP

























# पहाड़ों में धुंए के गुबार, 24 घंटे में 68 जगह जले जंगल, अब तक गई पांच लोगों की जान

मुंबई हलचल/संवाददाता

**देहरादून।** उत्तराखंड के जंगलों पर आग का प्रकोप बढ़ता जा रहा है। शुष्क मौसम के चलते तेजी से फैल रही आग से पूरा प्रदेश बेहाल है। पहाड़ों में धुंए के गुबार छाये हुए हैं और दृश्यता घट गई है। पौड़ी में श्रीनगर के पास जंगल की आग बुझाने में जुटे सेना के हेलीकाप्टर को भी धुंए के कारण घंटों इंतजार करना पड़ा। 24 घंटे के भीतर प्रदेश में आग की 68 नई घटनाएं हुईं, जिनमें कुल 120 हेक्टेयर वन क्षेत्र को भारी नुकसान पहुंचा है। फायर सीजन में अब तक कुल 998 घटनाओं में 1,317 हेक्टेयर वन क्षेत्र जल चुका है। साथ ही अब तक जंगल की आग से पांच व्यक्तियों की मृत्यु हो चुकी है और चार घायल हुए हैं। उत्तराखंड में जंगलों के झुलसने का सिलसिला जारी है। वन विभाग सेना के सहयोग से लगातार आग पर काबू पाने का प्रयास कर रहा है। शरारती तत्व भी वन विभाग की मुश्किलें बढ़ा



रहे हैं। अब तक इस सीजन में जंगल में आग लगाने पर वन संरक्षण अधिनियम और वन अपराध के तहत 388 मुकदमे दर्ज कराए जा चुके हैं। जिनमें 328 मुकदमे अज्ञात और 60 मुकदमे ज्ञात व्यक्तियों के विरुद्ध कराए गए हैं। साथ ही अब तक कुल 60 व्यक्तियों को जंगल में आग लगाने पर गिरफ्तार किया जा चुका है। वन विभाग की ओर से मुख्यालय में कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। साथ ही जंगल की आग की सूचना देने के लिए नंबर भी जारी किए गए हैं। लोग 18001804141, 0135-2744558 पर फोन कर सकते हैं। साथ ही 9389337488 व 7668304788 पर वाट्सएप के माध्यम से भी सूचित कर सकते हैं। इसके अलावा राज्य आपदा कंट्रोल रूम देहरादून को 9557444486 और हेल्पलाइन 112 पर भी आग की घटना की सूचना दे सकते हैं। पौड़ी जिले के जंगलों में लगी आग को बुझाने के लिए वायु सेना का एमआइ-17 हेलीकाप्टर दूसरे दिन विकासखंड कल्जीखाल के अदवाणी के जंगलों में लगी आग को बुझाने में जुटा रहा। अलकनंदा नदी पर श्रीनगर जलविद्युत परियोजना की झील से पानी अपलिफ्ट कर प्रभावित क्षेत्रों में डाला जा रहा है। वहीं, आग से चारों ओर धुआं होने से सुबह के समय विजिबिलिटी कम होने से हेलीकाप्टर उड़ान नहीं भर पा रहा है। दिन में करीब 11 बजे पायलट ने रेकी कर जंगल में लगी आग के स्थलों की पहचान की।

## नील्सनआईक्यू ने जारी तिमाही रिपोर्ट में किया आकलन पेश

# एफएमसीजी उद्योग की ग्रामीण खपत मार्च तिमाही में शहरी क्षेत्र से अधिक रही: रिपोर्ट

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

भारतीय एफएमसीजी (रोजमर्रा के उपभोग का सामान) उद्योग ने वर्ष 2024 की जनवरी-मार्च अवधि में राष्ट्रीय स्तर पर मात्रा के मामले में 6.5 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की है। इसके साथ ही पांच तिमाहियों में पहली बार ग्रामीण खपत ने शहरी मांग को पीछे छोड़ दिया है। नील्सनआईक्यू ने एक रिपोर्ट में यह आकलन पेश किया है। उपभोक्ताओं से जुड़ी सूचनाएं मुहैया कराने वाली फर्म नील्सनआईक्यू (एनआईक्यू) ने दैनिक उपभोग वाले उत्पादों (एफएमसीजी) पर जारी तिमाही रिपोर्ट में कहा है कि खाद्य एवं गैर-खाद्य दोनों क्षेत्रों ने खपत बढ़ाने में योगदान दिया, लेकिन भोजन की तुलना में गैर-खाद्य श्रेणी में वृद्धि लगभग दोगुनी रही।

- पांच तिमाहियों में पहली बार ग्रामीण मांग ने शहरी मांग को पीछे छोड़ा

### उद्योग का मूल्य 6.6 फीसदी बढ़ा

*मार्च तिमाही में घरेलू एफएमसीजी उद्योग का मूल्य 6.6 प्रतिशत बढ़ा है जिसका श्रेय अखिल भारतीय स्तर पर मात्रा में 6.5 प्रतिशत वृद्धि को जाता है। मात्रात्मक वृद्धि एक साल पहले की समान तिमाही में 3.1 प्रतिशत रही थी।*

### खपत रुझानों से प्रेरित रही

*एनआईक्यू के उपभोक्ता खंड के प्रमुख रूजवेल्ट डिसूजा ने कहा, 'एफएमसीजी उद्योग की वृद्धि जनवरी-मार्च तिमाही में खपत रुझानों से प्रेरित रही है, जिसमें पांच तिमाहियों में पहली बार ग्रामीण क्षेत्रों ने शहरी वृद्धि को पीछे छोड़ दिया है।'*



- खाद्य एवं गैर-खाद्य दोनों क्षेत्रों ने खपत बढ़ाने में योगदान दिया
- भोजन की तुलना में गैर-खाद्य श्रेणी में वृद्धि लगभग दोगुनी रही

### बड़े आकार के पैक की बिक्री लोकप्रियता की वजह से

डिसूजा ने कहा कि खासकर घरेलू एवं व्यक्तिगत देखभाल (एचपीसी) श्रेणियों ने खाद्य श्रेणियों से बेहतर प्रदर्शन किया है। खाद्य श्रेणियों में अधिक इकाइयों की बिक्री हुई है जबकि एचपीसी श्रेणी में वृद्धि काफी हद तक बड़े आकार वाले पैक की लोकप्रियता की वजह से दर्ज हुई है।

### पारंपरिक कारोबार में तेजी बनी हुई

*एनआईक्यू ने कहा कि शहरी और आधुनिक कारोबार में खपत मंद पड़ी है जबकि ग्रामीण और पारंपरिक कारोबार में तेजी बनी हुई है। एनआईक्यू ने कहा, 'ग्रामीण मांग वृद्धि ने धीरे-धीरे रफ्तार पकड़ी है और शहरी क्षेत्र को पीछे छोड़ दिया है। शहरी उपभोक्ता मांग में क्रमिक गिरावट देखी जा रही है।'*

### गैर-खाद्य में वृद्धि दोगुनी रही

*रिपोर्ट कहती है कि अखिल भारतीय स्तर पर खाद्य एवं गैर-खाद्य दोनों क्षेत्रों ने उपभोग वृद्धि में योगदान दिया, लेकिन भोजन की तुलना में गैर-खाद्य में लगभग दोगुनी वृद्धि देखी गई।*

### बड़ी कंपनियों का प्रदर्शन बेहतर रहा

*एनआईक्यू ने कहा कि एफएमसीजी उद्योग में छोटी कंपनियों की तुलना में बड़ी कंपनियों का प्रदर्शन बेहतर है। हालांकि, बीती दो तिमाहियों में बड़ी कंपनियों की तुलना में छोटी कंपनियों ने गैर-खाद्य श्रेणियों में उच्च मात्रा वृद्धि दर देखी है।*

# Bombay Times FASHION WEEK

AN INITIATIVE BY THE TIMES GROUP

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर














मुंबई, बुधवार
8 मई 2024

# Bombay Times FASHION WEEK

AN INITIATIVE BY THE TIMES GROUP

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

























